# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## Inaugural Session: 5 Day Workshop on Innovative Developments and Trends in Printing and Packaging Technology

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 29-09-2022**

# प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं : प्रो. टंकेश्वर

## हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि) के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग की ओर से पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ बुधवार को किया गया। इस दौरान कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं।

कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थी इस क्षेत्र की बारीकियों से रूबरू होंगे। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय हिसार के प्रो. अंजन कुमार बराल ने प्रतिभागियों को अपसायक्लिंग, रिसायक्लिंग तथा डाउनसायक्लिंग प्रक्रिया के बारे में बताया।

विवि के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने बताया कि 30 सितंबर तक चलने वाली कार्यशाला में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से विशेषज्ञ प्रतिभागियों को प्रिंटिंग व पैकेजिंग क्षेत्र की बारीकियों से अवगत करवाएंगे। कार्यशाला में संजय जैन, टिंकू शर्मा, अनीश गुप्ता, मोहित सैनी और सोनपाल सिंह विशेषज्ञ वक्ता के रूप में आमंत्रित किए गए हैं। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में शिक्षक, प्रभारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।



कार्यशाला में प्रो. अंजन कुमार को स्मृति चिह्न देते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। संवाद



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय। संवाद

### विद्यार्थी सीखेंगे रेडियो प्रसारण की बारीकियां

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों में रेडियो प्रसारण में कौशल विकसित करने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 29 व 30 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। पहले सत्र में लोक प्रसारण के महत्व व उसकी चुनौतियों पर चर्चा होगी। इस सत्र में आल इंडिया रेडियो के पूर्व सहायक निदेशक व मन की बात कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ रेडियो प्रसारक जैनेंद्र सिंह विद्यार्थियों से चर्चा करेंगे। दूसरे सत्र में विद्यार्थियों में पोडकास्टिंग स्किल पर चर्चा होगी। कार्यशाला के दूसरे दिन जामिया मिलिया दिल्ली से प्रो. सुरेश वर्मा रेडियो प्रसारण में ध्वनि के महत्व पर चर्चा करेंगे। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थी मीडिया उद्योग की मांग के अनुसार उनमें कौशल हो इसे ध्यान में रखकर विद्यार्थियों के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला के संयोजक डॉ. नीरज ने बताया कि कार्यशाला में अंतिम सत्र सामुदायिक रेडियो प्रसारण पर रखा गया है। इस सत्र को अरावली रेडियो नारनौल के अध्यक्ष संत कुमार संबोधित करेंगे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 29-09-2022**

## प्रिंटिंग व पैकेजिंग के क्षेत्र में भविष्य की अपार संभावनाएं : प्रो. टंकेश्वर



हकेंवि में आयोजित कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में प्रो. अंजन कुमार बराल को स्मृति चिह्न भेंट करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ।

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेवि, महेंद्रगढ़ के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में नवाचार एवं रूझान विषय पर आधारित इस कार्यशाला में प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ प्रतिभागियों को क्षेत्र में हो रहे बदलावों से अवगत करवाएंगे। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रिंटिंग व पैकेजिंग को रोजगार की दृष्टि से तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र बताया और कहा कि इसमें उज्ज्वल भविष्य की अपार संभावनाएं उपलब्ध हैं। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, हिसार के प्रो. अंजन कुमार बराल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रो. अंजन कुमार बराल ने प्रतिभागियों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने बताया कि 30 सितंबर तक चलने वाली इस कार्यशाला में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से विशेषज्ञ प्रतिभागियों को प्रिंटिंग व पैकेजिंग क्षेत्र की बारीकियों से अवगत करवाएंगे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 29-09-2022**

# 'प्रिंटिंग व पैकेजिंग में रोजगार की हैं अपार संभावनाएं'

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलाजी विभाग द्वारा पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में नवाचार एवं रुझान विषय पर आधारित कार्यशाला में प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ प्रतिभागियों को क्षेत्र में हो रहे बदलावों से अवगत करवाएंगे। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रिंटिंग व पैकेजिंग को रोजगार की दृष्टि से तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र बताया और कहा कि इसमें उज्ज्वल भविष्य की अपार संभावनाएं उपलब्ध हैं।



प्रो. अंजन कुमार बराल को स्मृति चिह्न भेट करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। प्रववता।

कुलपति ने कहा कि अवश्य ही कार्यशाला के माध्यम से इस क्षेत्र की बारीकियों से रूबरू होंगे। कार्यशाला के उद्घाटन सत्रमेंगुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, हिसार के प्रो. अंजन कुमार बराल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि प्रो. अंजन कुमार बराल ने प्रतिभागियों को अपसायक्लिंग, रिसायक्लिंग तथा डाउनसायक्लिंग प्रक्रिया के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने बताया कि 30 सितंबर तक चलने वाली इस कार्यशाला में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से विशेषज्ञ प्रतिभागियों को प्रिंटिंग व पैकेजिंग क्षेत्र की बारीकियों से अवगत करवाएंगे। कार्यशाला में सजय जैन, टिंकू शर्मा, अनीश गुप्ता, मोहित सैनी और सोनपाल सिंह विशेषज्ञ वक्ता के रूप में आमंत्रित किए गए हैं। कार्यक्रम के समन्वयक विभाग के सहायक आचार्य तरूण सिंह, शम्मी मेहरा हैं जबकि आयोजन समिति में विभाग प्रभारी संदीप बूरा मौजूद रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 29-09-2022**

# हकेवि में पांच दिवसीय कार्यशाला

■ प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में नवाचार एवं रूझान पर आयोजित

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में नवाचार एवं रूझान विषय पर आधारित कार्यशाला में प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ प्रतिभागियों को क्षेत्र में हो रहे बदलावों से अवगत करवाएंगे। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रिंटिंग व पैकेजिंग को रोजगार की दृष्टि से तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र बताया और कहा कि इसमें उज्ज्वल भविष्य की अपार संभावनाएं उपलब्ध हैं। कुलपति ने कहा कि अवश्य ही इस कार्यशाला के माध्यम से इस क्षेत्र की बारीकियों से रूबरू होंगे। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में विशिष्ठ अतिथि गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, हिसार के प्रो. अंजन कुमार बराल ने प्रतिभागियों को अपसायक्लिंग, रिसायक्लिंग तथा डाउनसायक्लिंग प्रक्रिया के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने बताया कि 30 सितंबर तक चलने वाली इस कार्यशाला में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से विशेषज्ञ प्रतिभागियों को टिप्स देंगे।



महेंद्रगढ़। कार्यशाला में अतिथि का सम्मान करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 29-09-2022**

# प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में नवाचार एवं रुझान विषय पर कार्यशाला का आयोजन

महेंद्रगढ़, 28 सितम्बर (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टैक्नोलॉजी विभाग द्वारा 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में नवाचार एवं रुझान विषय पर आधारित इस कार्यशाला में प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ प्रतिभागियों को क्षेत्र में हो रहे बदलावों से अवगत करवाएंगे।

कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रिंटिंग व पैकेजिंग को रोजगार की दृष्टि से तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र बताया और कहा कि इसमें उज्ज्वल भविष्य की अपार संभावनाएं उपलब्ध हैं।

कुलपति ने कहा कि अवश्य ही इस कार्यशाला के माध्यम से इस क्षेत्र की बारीकियों से रू-ब-रू होंगे। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, हिसार के प्रो. अंजन कुमार बराल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रो. अंजन कुमार बराल ने प्रतिभागियों को अपसाइक्लिंग, रिसाइक्लिंग तथा डाऊनसाइक्लिंग प्रक्रिया के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने बताया कि 30 सितम्बर तक चलने वाली इस कार्यशाला में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से विशेषज्ञ प्रतिभागियों को प्रिंटिंग व पैकेजिंग क्षेत्र की बारीकियों से अवगत करवाएंगे। कार्यशाला में संजय जैन, टिंकू शर्मा, अनीश गुप्ता, मोहित सैनी और सोनपाल सिंह विशेषज्ञ वक्ता के रूप में आमंत्रित किए गए हैं।

कार्यक्रम के समन्वयक विभाग के सहायक आचार्य तरुण सिंह, शम्मी मेहरा हैं जबकि आयोजन समिति में विभाग प्रभारी संदीप बूरा सहित अनिल कुंडू व निशान सिंह सम्मिलित हैं। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, प्रभारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।



*कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में प्रो. अंजन कुमार बराल को स्मृति चिन्ह भेंट करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।*

## हकेंवि में रेडियो प्रसारण कौशल विकसित करने के लिए कार्यशाला का आयोजन

**महेंद्रगढ़ ( परमजीत, मोहन ):** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ का पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग विद्यार्थियों में रेडियो प्रसारण में कौशल विकसित करने के उद्देश्य से 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करने जा रहा है। इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को रेडियो प्रसारण की बारीकियों से अवगत करवाया जाएगा।

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के मार्गदर्शन में पत्रकारिता के विद्यार्थियों में कौशल विकसित करने व विश्वविद्यालय के विद्यार्थी बेहतरीन प्रस्तुतकर्ता बनाने के उद्देश्य से 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि 29 व 30 सितम्बर को आयोजित होने वाली इस कार्यशाला को कुल 7 सत्रों में विभाजित किया गया है।